भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1445**

दिनांक 02.12.2014/ 11 अग्रहायण, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद**

**1445. श्री राकेश सिंह:**
**श्री अनंतकुमार हेगड़े:**
**श्री फग्गन सिंह कुलस्ते:**
**श्री इन्नोसेन्ट:**
**श्री पी०के० बिजू:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राज्य अमेरिका सरकार की एक रिपोर्ट में इस बात को स्वीकारा है कि भारत में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा सहयोग दिया जा रहा हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख): सरकार को संयुक्त राज्य अमेरिका (यू एस ए) की ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। तथापि, अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा बडे पैमाने पर और सार्वजनिक रुप से यह स्वीकार किया जा रहा है कि पाकिस्तान राज्य नीति के एक माध्यम के रूप में आतंकवाद का अनुसरण करता है। पाकिस्तान के नियंत्रणाधीन क्षेत्र से उत्पन्न होने वाला आतंकवाद मुख्य रुप से वैश्विक चिन्ता का विषय बना हुआ है। भारत ने पाकिस्तान से उसके नियंत्राणाधीन अपने भूभाग और क्षेत्र को किसी भी तरह से भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए उपयोग न करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करने की आवश्यकता के बारे में कड़ाई से कहा है।**

**सरकार भारत की क्षेत्रीय एकता की रक्षा करने और अपने लोगों की रक्षा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम सतत रुप से उठाती है।**

*****